नदी में मिला युवक का शव

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर गांव के पास सोमवार रात करीब १० बजे नदी में एक युवक का शव उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने रेस्क्यू कर शव को नदी से बाहर निकाला। सीओ मंझनपुर सौरभ सामंत ने बताया कि मृतक की पहचान इलाके के गोबरसहाई गांव निवासी वीरेंद्र (३५) पुत्र जगजीत के रूप में हुई। बताया गया कि वीरेंद्र सोमवार शाम करीब सात बजे अपने एक दोस्त के साथ नदी के पास गया था। घटना के बाद पुलिस ने साथ रहे दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस युवक की मौत नदी में डूबने से हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह है, इसकी जांच कर रही है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया



मृतक के घर पर मौजूद गमजदा परिजन ।

गया है। थाना प्रभारी विनीत सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट होगी। फिर उसी हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

छः माह में ही जर्जर हुआ १४ करोड़ का देवीगंज बाईपास

कौशाम्बी। छह माह पहले १४ करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया ३.३ किलोमीटर लंबा देवीगंज बाईपास बदहाल हो गया है। सड़क बनने के एक माह बाद से दो किलोमीटर हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। ऐसी स्थिति में राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क की खराब स्थिति को लेकर पिछले दो-तीन महीने से लगातार शिकायत की जा रही है। इसके बाद विभाग ने गड्ढों में मिट्टी और रोड़ी-गिट्टी डालकर अस्थायी तौर पर भरने की कोशिश की, लेकिन स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई। बारिश का मौसम बीतने के बाद भी सड़क की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई सड़क का इतनी जल्दी जर्जर होना निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करता है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। रात के समय गड्ढे दिखाई नहीं देने से दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने कहा कि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

प्रताड़ना से आजिज आकर लक्ष्मी ने की थी खुदकुशी

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के टीकरडीह गांव की लक्ष्मी ने प्रताड़ना से आजिज आकर खुदकुशी की थी। मृतका के पिता ने पड़ोसी युवक पर ही प्रताडित करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

टीकरडीह निवासी २० वर्षीय लक्ष्मी देवी पुत्री मान सिंह ज्यादातर पड़ोस में रहने वाली अपनी बुआ के यहां रहती थी। २७ अगस्त २०२६ की सुबह भी वह बुआ के यहां खाना बनाने गई थी। इसी दौरान अचानक लापता हो गई। इस पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। थोड़ी देर बाद बुआ के घर पर ही दूसरी मंजिल में फांसी पर लटकता हुआ उसका शव मिला था। मृतका के पिता का कहना है कि घटना के बाद वह कुछ कह-सुन पाने की स्थित में नहीं था। न ही घटना के बाबत कोई जानकारी हुई थी। बाद में पता चला कि बेटी गांव के ही अजय कुमार पुत्र सतराम से फोन पर बातचीत किया करती थी। अजय ने ही उसे प्रताडित किया, जिससे परेशान होकर उसने खुदकुशी कर ली। इस संबंध में कोखराज इंस्पेक्टर संतोष शर्मा का कहना है कि मृतका के पिता की तहरीर पर मुकदमा कायम करा दिया गया है। आरोपों की जांच कराई जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उस हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शादीपुर के अंशु का था रेलवे लाइन के किनारे मिला शव

कड़ा,कौशाम्बी। सैनी थाना क्षेत्र के सयारा रेलवे लाइन के पास सोमवार लगभग ५:०० बजे एक किशोर का शव मिला सैनी पुलिस मौके पर पहुंचकर किशोर के शव की शिनाख्त कार्रवाई जब शिनाख्त नहीं हुई तो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना डाल दी गई, जिसमें किशोर की पहचान कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दारानगर कड़ा धाम नगर पंचायत के शादीपुर निवासी मुकद्दर सरोज के बेटे अंशु १५ वर्ष के रूप में हुई।

अंशु के पिता मुकद्दर सरोज ने बताया कि वह दोपहर अपनी मां अनीता देवी जो की धान काटने दारानगर के पास ककरहा तालाब पर गई हुई थी वह भी अपनी मां के पास गया था वहीं पर गांव के एक व्यक्ति का खेत एवं घर बना हुआ है वहां पर इसका ट्रैक्टर खड़ा हुआ था जिस पर वह चढ़ गया अचानक ट्रैक्टर कैसे पलट गया इसकी जानकारी नहीं है इसके पश्चात वह लड़का लापता हो गया जिसका सायरा रेलवे लाइन के पास शव मिला इसकी जानकारी उन्हें सुबह सोशल मीडिया के माध्यम से हुई रात भर वह एवं उनके परिवार लोग के बच्चे को तलाशता रहा पिता ने बच्चे के हत्या का आरोप गांव के एक व्यक्ति के ऊपर लगाया है अंशु परिवार में चार भाई बहनों में सबसे बड़ा था वह कक्षा ८ का छात्र था उसके पिता मुकद्दर सरोज मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं मां अनीता देवी का रो-रो कर बुरा हाल है वही सैनी थाना अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ पांडे ने बताया कि सोमवार को जानकारी मिली कि किसी व्यक्ति का शव रेलवे लाइन के पास पड़ा पड़ा हुआ है पुलिस ने मौके पर जाकर शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

आकांक्षी विकास खंड का नोडल ने किया निरीक्षण

कौशाम्बी। शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारियों बद्रीनाथ सिंह, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं राजकुमार, सचिव, ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आकांक्षी विकासखंड कौशाम्बी एवं मंझनपुर के विभिन्न विकासात्मक कार्यों एवं योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। संपूर्ण भ्रमण कार्यक्रम की अगुवाई एवं समन्वय सीएम फेलो राजेश कुमार द्वारा किया गया।

नोडल अधिकारियों द्वारा ग्राम रसूलपुर बड़गांव में आंगनबाड़ी केंद्र, कंपोजिट विद्यालय, ग्राम पंचायत भवन, आरसी सेंटर एवं सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं, उपलब्धियों एवं वर्तमान प्रगति की जानकारी नोडल अधिकारियों को मौके पर ही दी गई। सीएम फेलो राजेश कुमार द्वारा सभी विभागीय कार्यों की क्रमबद्ध एवं प्रभावी ब्रीफिंग करते हुए आकांक्षी विकासखंड के इंडिकेटरों में हुई प्रगति तथा भविष्य में किए जाने वाले प्रयासों से अवगत कराया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति, नामांकन एवं लर्निंग स्तर का अवलोकन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा बच्चों को खेल-खेल एवं रोचक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षित करते पाया गया। नोडल अधिकारियों ने केंद्र की व्यवस्थाओं एवं आईसीडीएस विभाग के कार्यों की विशेष सराहना की। मौके पर दो गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं दो बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। कंपोजिट विद्यालय



गांव में बैठक करते नोडल अधिकारी ।

में बच्चों की उपस्थिति, नामांकन एवं अधिगम स्तर की जानकारी ली गई। विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता एवं बच्चों के सीखने के स्तर को संतोषजनक पाया गया। भ्रमण के दौरान हर घर नल योजना की भी समीक्षा की गई। नोडल अधिकारियों ने जल निगम के अधिकारियों को योजना के कार्यों को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए, जिससे ग्रामीणों में योजना के प्रति विश्वास बढ़े और उन्हें नियमित पेयजल सुविधा का लाभ मिल सके। भ्रमण के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आकांक्षी विकासखंडों के विभिन्न इंडिकेटरों की विभागवार समीक्षा की गई। प्रेजेंटेशन के माध्यम से अब तक प्राप्त उपलब्धियों, जमीनी स्तर पर किए गए प्रयासों तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने इंडिकेटरों की प्रगति एवं किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्रस्तुत की।

नोडल अधिकारियों द्वारा कौशाम्बी एवं मंझनपुर में विशेष रूप से आईसीडीएस एवं शिक्षा विभाग के कार्यों, बच्चों के नामांकन, उपस्थिति एवं लर्निंग स्तर में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की गई।

साथ ही सीएम फेलो राजेश कुमार एवं सौम्या अवस्थी द्वारा आकांक्षी विकासखंडों की मॉनिटरिंग, विभागों के मध्य समन्वय एवं इंडिकेटर आधारित कार्यों में किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की गई। नोडल अधिकारियों ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आकांक्षी विकासखंडों के इंडिकेटरों में निरंतर सुधार लाने तथा योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

अवैध सम्बंध के विरोध पर महिला को बंधक बनाकर पीटा

कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दुबाना मजरा रामपुर बढ़नावां गांव में ब्याही एक महिला को अवैध संबंध के विरोध पर बंधक बनाकर पीटा गया। ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताडित कर घर से निकालने का भी आरोप है। मामले की शिकायत पर पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कड़ा धाम थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसकी शादी २७ जून वर्ष २०२० को दुबाना मजरा रामपुर बढ़नावां निवासी वीर बहादुर से हुई थी। पीडिता के मुताबिक, उसके पति का किसी से अवैध संबंध था। इसकी वजह से वह आए दिन प्रताडित करता था। ससुराल के लोग भी उसका सहयोग करते थे। बताया कि १० सितंबर वर्ष २०२६ को उसने पति को भाभी के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया था। इसे लेकर पति वीर बहादुर, जेठ गया प्रसाद, ससुर दूधनाथ व जेठानी अनीता ने कमरे में बंद कर बेल्ट और कोड़े से पिटाई की। साथ ही दहेज में तीन लाख रुपया नकद एवं बुलेट की मांग की। घर से भी निकाल दिया। ससुराली दहेज की मांग पहले भी करते थे। इस संबंध में सीओ सिराथू सत्येंद्र तिवारी का कहना है कि पीडिता की शिकायत पर मुकदमा कायम करा दिया गया है। विवेचक को आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

घर से १० लाख की नकदी एवं जेवर पार

महगांव,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूरतगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के बरई सुलेम सगरा गांव (आदर-मदार) में बीती रात अज्ञात बेखौफ बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने एक घर के अंदर जाकर ताला तोड़कर लगभग १० लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और भारी नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह घटना की जानकारी होते ही पीडित परिवार में कोहराम मच गया वहीं इस दुस्साहस से पूरे गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है।

सुलेमसगरा निवासी सुरेश चंद पुत्र गयादीन सरोज के घर को बीती रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर घर में दाखिल हुए बदमाशों ने कमरों में रखी अलमारी और बक्से खंगाल डाले। चोर अलमारी में रखे कीमती सोने-चांदी के जेवरात और गाढ़ी कमाई की बड़ी नकदी समेटकर रफूचक्कर हो गए। घटना का खुलासा सुबह उस वक्त हुआ जब परिवार के सदस्य सोकर उठे। घर के कमरों का नजारा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई अलमारियों के ताले टूटे पड़े थे और सारा सामान अस्त-व्यस्त बिखरा हुआ था। पीडित सुरेश चंद के मुताबिक चोरी गए कुल आभूषणों और नकदी का आकलन करने पर लगभग १० लाख रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान है। वारदात की खबर मिलते ही ग्राम प्रधान जियालाल पटेल पीडित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने पीडित कुनबे को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिया। ग्राम प्रधान ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से मांग की है कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करे और चोरी हुए माल की बरामदगी सुनिश्चित करे। मामले की लिखित तहरीर संदीपन घाट पुलिस को दे दी गई है। इतनी बड़ी चोरी की घटना से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और रात्रि गश्त पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों एवं पीडित परिवार की निगाहें अब पूरी तरह पुलिस की तफ्तीश और कार्रवाई पर टिकी हैं।

बाजार से लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला

कौशाम्बी। थाना क्षेत्र के मकदूमपुर ढोसकहा गांव की मालती देवी पत्नी बुधई ने बताया कि चार अक्तूबर की देर शाम उसका बेटा दरोगा किसी काम से बैगवां बाजार गया था। लौटते वक्त बैगवां चौराहे के समीप गांव के ही सगे भाई मंगल व बीरन ने उसे रोक लिया और पुरानी बातों को लेकर गाली देने लगे। विरोध करने पर डंडे से हमला कर दिया। इससे युवक को गंभीर चोटें आईं। मामले की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने घायल का मेडिकल करा दिया है। थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है।

कैमरा और पाइप तोड़ने में मुकदमा दर्ज

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के इमलीगांव की बुधरानी देवी ने बताया कि १८ सितंबर की सुबह पड़ोसी अंगद पांडेय व उसके पिता संजय पांडेय ने उनके घर पर लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया। आरोपियों ने बाथरूम का पाइप भी क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जानलेवा धमकी दी। मामले की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर थानेदार से बात किया गया तो उनका कहना है, कि जांच किया जा रहा है, आरोप सही पाये जाने पर कारवाई होगी।

शिक्षा विभाग के कार्यों की डीएम ने किया समीक्षा



शिक्षा विभाग की समीक्षा करते डीएम

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डा० अमित पाल ने मंगलवार को उदयन सभागार में बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय, बसुहार के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान फिनीशिंग कार्यो में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने नाराजगी प्रकट करते हुए परियोजना प्रबन्धक, सी.एन.डी.एस. को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय, कड़ा के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान कहा कि कायन्योजना बनाकर निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराई जाए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर कार्यो को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष आदि के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, यू.पी.सी.एल.डी.एफ को अवशेष निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर हैण्डओवर करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने परियोजना प्रबन्धक, सी.एन.डी.एस. को कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय में बाउण्ड्रीवाल का कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत राजकीय विद्यालयों में कराए जा रहें कार्यो की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, यू.पी.सिडको को अवशेष विद्यालयों में १५ अक्टूबर तक कार्य पूर्ण कराकर हैण्डओवर करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अवशेष राजकीय विद्यालयों में भी बाउण्ड्रीवाल का कार्य २० अक्टूबर तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी एवं जिला खाद्यय विपणन अधिकारी से राजकीय विद्यालयों में कराए गए कार्यो का निरीक्षण कराकर आख्या उपलब्ध कराई जाए। बैठक में अधिशासी अभियंता, यू.पी. सिडको ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत २५ राजकीय विद्यालयों में से २२ राजकीय विद्यालयों में कार्य पूर्ण हो गया है, अवशेष इन राजकीय विद्यालयों का कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

पार्किंग पर निजी वाहनों का कब्जा

नगर पंचायत के प्रमुख चौराहे पर यातायात व्यवस्था बेपटरी हो गई है। पार्किंग की सुविधा होने के बावजूद ई-रिक्शा और ऑटो सड़क पर आड़ा-तिरछा खड़े किए जा रहे हैं। इससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब चार साल पहले नगर पंचायत ने मुख्यालय रोड पर लाखों रुपये की लागत से अस्थाई पार्किंग बनवाई थी, लेकिन सवारी वाहनों का संचालन और पार्किंग व्यवस्था निर्धारित स्थान से नहीं हो पा रही है। स्थानीय निवासी शिवम रस्तोगी, मंगम कुशवाहा और निहाल ने बताया कि चौराहे पर नो पार्किंग जोन का स्पष्ट बोर्ड नहीं लगा है। इसके चलते वाहन चालक जहां जगह मिलती है, वहीं वाहन खड़ा कर देते हैं। सड़क पर बेतरतीब खड़े ई-रिक्शा और ऑटो के कारण राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। कई बार वाहनों की लंबी कतार लगने से यातायात प्रभावित हो जाता है।

लोगों ने मांग की है कि चौराहे पर तत्काल नो पार्किंग जोन निर्धारित कर स्पष्ट बोर्ड लगाया जाए। साथ ही वाहन चालकों को निर्धारित पार्किंग स्थल की जानकारी दी जाए, ताकि सड़क पर वाहन खड़े करने की समस्या खत्म हो सके। स्थानीय निवासी बिपिन केसरवानी और धर्मेंद्र मोदलवाल सहित अन्य लोगों का कहना है कि समय रहते यातायात व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो आने वाले दिनों में जाम की समस्या और गंभीर हो सकती है।

तीन ट्रांसफार्मरों से १.७५ लाख का तेल चोरी

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के टेंगाई गांव स्थित तीन ट्रांसफॉर्मरों से चोरों ने करीब १.७५ लाख रुपये का तेल चोरी कर लिया। अवर अभियंता की तहरीर पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। अवर अभियंता चंद्रिका प्रसाद ने बताया कि टेंगाई गांव में सरकारी नलकूप लगा हुआ है। इसके अलावा गांव के अजय करन व सुरेंद्र सिंह के निजी नलकूप भी है। शनिवार की रात बेखौफ चोर ड्रेन वॉल्व को काटकर और रेडियेटर में छेद कर तीनों नलकूपों के ट्रांसफॉर्मरों का तेल चुरा ले गए। घटना की जानकारी नलकूप स्वामियों एवं पंप ऑपरेटर को चार रविवार की सुबह हुई। इसके बाद जेई को सूचित किया गया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर जांच की। फिर पुलिस को तहरीर दे दी। इंस्पेक्टर संतोष शर्मा का कहना है कि मुकदमा कायम कर लिया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

अज्ञात वाहन की टक्कर से कंटेनर चालक घायल

कौशाम्बी। कंटेनर चालक इटावा निवासी रिंकू पुत्र वीरेंद्र सिंह गुड़गांव से कोलकत्ता जा रहा था, करीब आठ बजे जैसे ही कंटेनर चालक सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के हनुमान मंदिर के सामने हाईवे पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहा अज्ञात डंफर ओवरटेक के चक्कर में कंटेनर में टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया, आसपास मौजूद लोगों ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पहुंचे सैनी कोतवाली प्रभारी त्रिलोकीनाथ पांडेय रहे।

किशोरी को भगाने में अपहरण का मुकदमा

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि दो दिन पहले उसकी १७ साल की बेटी संदिग्ध हाल में लापता हो गई। खोजबीन के दौरान पता चला कि इलाके के कनैली गांव का मोनू सरोज बहला-फुसलाकर उसे अगवा कर ले गया है।

सपा जिलाध्यक्ष दयाशंकर सहित नौ के खिलाफ एफआईआर

कौशाम्बी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंकने और सड़क जाम करने के मामले में मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई कर दी है। सपा जिलाध्यक्ष समेत नौ नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। अधिकारियों ने सभी दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कराने की बात कही है। सपा जिलाध्यक्ष दयाशंकर सिंह यादव की अगुवाई में सोमवार को पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मंझनपुर स्थित कार्यालय में इकट्ठा हुए थे। यहां से वह मोदी-योगी सरकार एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलक्ट्रेट जा रहे थे। उनको जिलाधिकारी डा० अमित पाल शर्मा को ज्ञापन सौंपना था। सपाइयों ने मंझनपुर चौराहे पर सीईसी का पुतला फूंक दिया था। इस दौरान सड़क भी जाम कर दी थी। इससे मरीजों, छात्राओं, आम राहगीरों आदि को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। सपाइयों ने सीईसी से इस्तेफे, उनके खिलाफ मुकदमे और एसआईआर वापस लेने की मांग की थी। मामले में उप निरीक्षक अभिषेक कुमार यादव की तहरीर पर जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव, महिला सभा की जिलाध्यक्ष विभा यादव, शहजनवाज, चंद्रजीत यादव, राजू सिंह पटेल, भरत सिंह लोधी, आंनेद मोहन पटेल, सुमित पांडेय, आफताब शेख व अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम हुआ है। इस संबंध में सीओ मंझनपुर सौरभ सामंत का कहना है कि विवेचक को निष्पक्ष विवेचना संपादित कर आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई करने का आदेश दे दिया गया है।

पम्प मालिक ने सेल्समैन को पीटा, गिरे रुपये

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के मडूकी निवासी बृजेश कुमार ने बताया कि वह चरवा स्थित पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का काम करता है। सोमवार की सुबह तेल नाप रहा था। तभी बगल के पेट्रोल पंप मालिक मुनीश पांडेय निवासी चरवा ने आकर अकारण गाली देने लगा। विरोध करने पर पिटाई की। पंप बंद करके नहीं भागने पर जानलेवा धमकी दी। इस दौरान पीडित की जेब में रहे २१८० रुपये कहीं गिर गए। शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने घायल का मेडिकल करा दिया है। थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है।

चायल इलाके में बारिश और हवा ने १५० बीघा धान की फसल की चौपट, किसान बेबस

चायल,कौशाम्बी। विकास खंड नेवादा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों में मंगलवार सुबह आए मौसम के अचानक बदलाव ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। तड़के तेज हवाओं के साथ हुई मूसलाधार बारिश से खेतों में खड़ी और हाल ही में गिरी धान की फसल पूरी तरह पानी में डूब गई है। पखवाड़े भर के भीतर दूसरी बार कुदरत की मार झेल रहे अन्नदाताओं के सामने अब अपनी सालभर की मेहनत और जमा-पूंजी डूबने का गंभीर संकट पैदा हो गया है।

हाशिमपुर किनार, दरहा, गोविंदपुर, जलालपुर जवाहरगंज, सुरसेनी, चंदूपुर अमरायन और किशुनपुर अंबारी सहित आसपास के गांवों में स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, करीब १५ दिन पहले चली तेज आंधी ने धान की खड़ी फसल को खेतों में बिछा दिया था। किसान अभी उस झटके से उबर भी नहीं पाए थे कि मंगलवार की बारिश ने रही-सही कसर भी पूरी कर दी। खेतों में जलभराव के कारण पककर तैयार हुई बालियां पानी में तैरने लगी हैं।जलालपुर जवाहरगंज निवासी किसान ज्ञान सिंह, फूल सिंह और दरहा निवासी जबर सिंह ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि क्षेत्र के दर्जनों गांवों की करीब १५० बीघा से अधिक धान की फसल पूरी तरह जलमग्न हो चुकी है। कटाई के मुहाने पर खड़ी फसल के पानी में डूबे रहने से उसके सड़ने और अंकुरित होने का खतरा बढ़ गया है। धान के साथ-साथ तेज बारिश और आंधी से मिर्च की नकदी फसल को भी भारी नुकसान पहुँचा है। सालभर के भरण-पोषण और परिवार की उम्मीदों का एकमात्र सहारा यह फसल ही थी, जिस पर अब पानी फिर चुका है। लाचार और बेबस किसानों ने जिला प्रशासन और शासन से गुहार लगाई है कि राजस्व टीम भेजकर प्रभावित गांवों का तत्काल मौका-मुआयना और सर्वे कराया जाए। पीडितों ने नुकसान का सही आकलन करवाकर जल्द से जल्द उचित वित्तीय सहायता व मुआवजा देने की मांग की है।

भाकियू ने तालाब में कूड़ा डालने पर दर्ज मुकदमा के विरोध में सौंपा ज्ञापन



मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता ।

चायल,कौशाम्बी। भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम प्रेरणा गौतम को सौंपा। जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत चरवा के सफाई कर्मी कस्बे से एकत्र कूड़ा सरदार नगर (पहाड़पुर) स्थित बल्लू तालाब में डालकर उसे पाट रहे हैं। इससे दुर्गंध और गंदगी के कारण आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि २७ सितंबर को मोहल्ले के लोगों ने तालाब में कूड़ा डालने का विरोध किया था। आरोप है कि सफाई कर्मियों ने उनके साथ गालीगलौज और मारपीट की। सूचना पर पहुंचे नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सूर्य प्रकाश ने मामला शांत कराकर भविष्य में तालाब में कूड़ा न डालने और आरआरसी सेंटर में डंप कराने का आश्वासन दिया था। आरोप है कि उसी रात १२ नामजद किसानों समेत करीब २० अज्ञात लोगों के खिलाफ चरवा कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया गया। कार्यकर्ताओ ने निष्पक्ष जांच कर मुकदमा निरस्त कराने और तालाब व बस्ती के आसपास कूड़ा डंपिंग पर रोक लगाने की मांग की। इस दौरान चेतावनी दिए कि उनकी मांगों को अगर पूरा नहीं किया गया तो वह अनिश्चित कालीन धरना देने को बाध्य होगे। इस दौरान शिव शंकर पांडेय, गुलाम हसन, अजय कुमार समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दहेज की मांग पूरी न करने पर महिला को पीटा

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के जीत का पूरा गांव दहेज की मांग पूरी न करने पर महिला को ससुरालियों ने जमकर पीट दिया। मंगलवार को पीडिता ने थाने में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। जीत का पूरा गांव निवासी सुकुरी देवी पत्नी सनोज सरोज ने बताया कि सोमवार शाम उसकी सास, जेठ समेत परिवार के अन्य लोग एकराय होकर उससे गहने की मांग करने लगे। पीडिता ने गहने देने से इनकार किया तो सभी ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीडिता का आरोप है कि उसके पति बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। आरोपितों ने उसे धमकी दी है कि यदि उसने घटना की शिकायत की तो उसे जान से मार दिया जाएगा।

विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज निर्माण का लिया संकल्प

करारी,कौशाम्बी। डा० रिजवी कॉलेज ऑफ लॉ में आयोजित नशा मुक्त अभियान कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डा० मुहम्मद जफर ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य और भविष्य को ही नहीं, बल्कि परिवार की खुशियों और समाज की प्रगति को भी प्रभावित करता है। युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। इसलिए प्रत्येक युवा नशे को त्यागने और दूसरों को नशे से बचाने का संकल्प लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का अग्रदूत बने। उन्होंने छात्रों को आह्वान किया कि वे नशे के विरुद्ध जागरूकता के सशक्त वाहक बनें, स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार, मित्रों तथा आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि युवाओं की जागरूकता और सामूहिक भागीदारी से ही स्वस्थ, सशक्त एवं नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। इसके बाद प्राचार्य ने विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने स्वयं नशे से दूर रहने, दूसरों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ७३ दिव्यांगजनों को वितरित किये गये सहायक उपकरण



दिव्यांगजन को सहायक उपकरण प्रदान करते जनप्रतिनिधि।

कौशाम्बी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड परिसर सिराथू में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सह-संयोजक, दिव्यांग प्रकोष्ठ हीरा लाल सरोज उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हीरा लाल सरोज ने कहा कि शारीरिक क्षमता किसी व्यक्ति के विकास में बाधक नहीं होती। लगन, मेहनत और कठिन परिश्रम के बल पर प्रत्येक व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन अपनी शक्ति, समर्पण एवं योग्यता के बल पर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष सिराथू भोला यादव ने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शासन एवं प्रशासन के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग को भी आगे आने की आवश्यकता है। सामूहिक प्रयासों से दिव्यांगजनों को समान अवसर उपलब्ध कराते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा सकता है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा संचालित कृत्रिम सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में २५ दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, १० को स्मार्ट केन, १० मानसिक दिव्यांग बच्चों को एमआर किट, ०८ दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर तथा २० दिव्यांगजनों को वैशाखी वितरित की गई। जनप्रतिनिधियों द्वारा लाभाथिन्यों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम में लगभग २०० दिव्यांगजनों ने उपस्थित होकर सहभागिता की। सहायक उपकरण प्राप्त कर लाभार्थियों ने शासन की इस पहल के प्रति आभार व्यक्त किया। विकासखंड कार्यालय परिसर में बने चबूतरे पर सेवा संकल्प अभियान के तहत एक विशाल रंगोली बनाई गई जिसमें एक दर्जन से ज्यादा शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया मंगलवार को कड़ा विकास खंड कार्यालय परिसर में शिक्षक एवं शिक्षकों ने एक विशाल रंगोली बनाई जिसमें शिक्षक प्रभाकर मिश्रा नितेश कुमार त्रिपाठी पवन कुमार शिक्षकाओ में रजनी दीबा शशि रूबी शर्मा नादिरा असरफ अंजलि उषा आदि मौजूद रहे।